| **7** | If a question has parts, please award marks on the right-hand side for each part. Marks awarded for different parts of the question should then be totaled up and written in the left-hand margin and encircled. This may be followed strictly. |

| | |
|---|---|
| **8** | If a question does not have any parts, marks must be awarded in the left-hand margin and encircled. This may also be followed strictly. |
| **9** | If a student has attempted an extra question, answer of the question deserving more marks should be retained and the other answer scored out with a note **"Extra Question"**. |
| **10** | No marks to be deducted for the cumulative effect of an error. It should be penalized only once. |
| **11** | A full scale of marks 80 has to be used. Please do not hesitate to award full marks if the answer deserves it. |
| **12** | Every examiner has to necessarily do evaluation work for full working hours i.e., 8 hours every day and evaluate 20 answer books per day in main subjects and 25 answer books per day in other subjects (Details are given in Spot Guidelines). |
| **13** | Ensure that you do not make the following common types of errors committed by the Examiner in the past:- Giving more marks for an answer than assigned to it.<br>● Wrong totaling of marks awarded on an answer.<br>● Wrong transfer of marks from the inside pages of the answer book to the title page.<br>● Wrong question wise totaling on the title page.<br>● Leaving answer or part thereof unassessed in an answer book.<br>● Wrong totaling of marks of the two columns on the title page.<br>● Wrong grand total.<br>● Marks in words and figures not tallying/not same.<br>● Wrong transfer of marks from the answer book to online award list.<br>● Answers marked as correct, but marks not awarded. (Ensure that the right tick mark is correctly and clearly indicated. It should merely be a line. Same is with the X for incorrect answer.)<br>Half or a part of answer marked correct and the rest as wrong, but no marks awarded. |
| **14** | While evaluating the answer books if the answer is found to be totally incorrect, it should be marked as cross (X) and awarded zero (0)Marks. |
| **15** | Any un assessed portion, non-carrying over of marks to the title page, or totaling error detected by the candidate shall damage the prestige of all the personnel engaged in the evaluation work as also of the Board. Hence, in order to uphold the prestige of all concerned, it is again reiterated that the instructions be followed meticulously and judiciously. |
| **16** | The Examiners should acquaint themselves with the guidelines given in the "**Guidelines for spot Evaluation**" before starting the actual evaluation. |
| **17** | Every Examiner shall also ensure that all the answers are evaluated, marks carried over to the title page, correctly totaled and written in figures and words. |
| **18** | The candidates are entitled to obtain photocopy of the Answer Book on request on payment of the prescribed processing fee. All Examiners/Additional Head Examiners/Head Examiners are once again reminded that they must ensure that evaluation is carried out strictly as per value points for each answer as given in the Marking Scheme. |

# अंकन योजना

Senior School Certificate Examination (Supplementary), July 2024

## अर्थशास्त्र ( विषय कोड – 030)

## [Paper Code: 58/S/2]

**अधिकतम अंक : 80**

| प्र.सं. | अपेक्षित उत्तर/मूल्य बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड क**<br>**समष्टि अर्थशास्त्र** | |
| **1.** | किसी विशेष समय बिंदु पर भुगतान के उद्देश्य से जनता द्वारा रखी हुई मुद्रा की कुल मात्रा _____ होती है।<br>(रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) सावधि जमा (B) मुद्रा की माँग<br>(C) मुद्रा आपूर्ति (D) साख सृजन<br>**उत्तर. (C) मुद्रा आपूर्ति** | **1** |
| **2.** | _____विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत, किसी राष्ट्र के केन्द्रीय बैंक व सरकार को विदेशी मुद्रा दर के निर्धारण में हस्तक्षेप का कोई अधिकार नहीं होता है।<br>(रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) स्थिर (fixed) (B) तिरती (floating)<br>(C) प्रबंधित तिरती (D) स्वर्ण मान<br>**उत्तर. (B) तिरती (floating)** | **1** |
| **3.** | अन्य सभी कारक समान रहने पर, _____ के कारण किसी राष्ट्र के भुगतान संतुलन में व्यापार अधिशेष उत्पन्न हो सकता है। (रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) जापान को कॉफी के निर्यात में वृद्धि<br>(B) बैंकिंग सेवाओं के आपात में कमी<br>(C) अनाज के निर्यात में कमी<br>(D) विदेशों को प्रेषित धन में वृद्धि<br>**उत्तर. (A) जापान को कॉफी के निर्यात में वृद्धि** | **1** |
| **4.** | मान लीजिए कि, एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में, केन्द्रीय बैंक आरक्षित अनुपात को 10% से बढ़ाकर 25% कर देता है। प्रारंभिक जमा राशि को ₹ 1,000 करोड़ पर स्थिर रखते हुए, मुद्रा सृजन की कुल राशि ₹_____करोड़ हो जाएगी। (रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) 10,000 (B) 4,000<br>(C) 6,000 (D) 5,000<br>**उत्तर. (B) 4,000** | **1** |
| **5.** | निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए:<br>*कथन 1*: किसी द्वि-क्षेत्रक अर्थव्यवस्था में सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) सकल घरेलू उत्पाद (GDP) से अधिक हो सकता है।<br>*कथन 2*: किसी द्वि-क्षेत्रक अर्थव्यवस्था में विदेशों से प्राप्त निवल कारक आय शून्य होती है।<br>दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:<br>(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।<br>(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।<br>(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।<br>**उत्तर. (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।** | **1** |
| **6.** | पहचान कीजिए, निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उपभोग और प्रयोज्य आप के बीच आनुपातिक संबंध को दर्शाता है।<br>(A) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC)/औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC)<br>(B) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) < औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC)<br>(C) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC)<br>(D) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = 1<br>**उत्तर. (C) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC)** | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **7.** | किसी अर्थव्यवस्था में, आय के लाभ-अलाभ (break-even) स्तर का निर्धारण _____पर किया जा सकता है।<br>(i) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS)<br>(ii) आय (Y) = उपभोग (C)<br>(iii) बचत (S) = 0<br>(iv) औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC) = औसत बचत प्रवृत्ति (APS)<br>(रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>विकल्प:<br>(A) केवल (i)<br>(B) (i) और (ii)<br>(C) (ii) और (iii)<br>(D) (i) और (iv)<br>**उत्तर. (C) (ii) और (iii)** | **1** |
| **8.** | निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए:<br>*कथन 1*: औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC) कुल उपभोग में दिए गए परिवर्तन के संबंध के कुल आय में परिवर्तन को दर्शाती है।<br>*कथन 2*: जब आय में परिवर्तन होता है, तो उपभोग में परिवर्तन (ΔC) कभी भी आय में परिवर्तन (ΔY) से अधिक नहीं हो सकता है।<br>दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:<br>(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।<br>(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।<br>(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।<br>**उत्तर. (B) कथन । असत्य है और कथन 2 सत्य है।** | **1** |
| **9.** | एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था के लिए यह ज्ञात है कि :<br>औसत बचत प्रवृत्ति (APS) = 0.4<br>आय (Y) = ₹100 करोड़<br>स्वायत्त उपभोग ($\bar{C}$) = ₹10 करोड़<br>निवेश गुणक का मूल्य_____ होगा। (रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) 5 (B) 2<br>(C) 4 (D) 10<br>**उत्तर. (B) 2** | **1** |
| **10.** | भुगतान संतुलन का _____ खाता शेष विश्व (ROW) पर वित्तीय दावों में निवल परिवर्तन को दर्शाता है।<br>(रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए )<br>(A) व्यापार (B) पूँजी<br>(C) चालू (D) दृश्यमान<br>**उत्तर. (B) पूँजी** | **1** |
| **11.**<br>**(क)** | "मुद्रा अवमूल्यन व मुद्रा मूल्यह्रास के निहितार्थ (आशय) समान हैं, परन्तु वे पृथक्-पृथक् स्रोतों से उत्पन्न होते हैं।"<br>क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में वैध कारण दीजिए।<br>**उत्तर. हां, मुद्रा अवमूल्यन व मुद्रा मूल्यह्रास से विदेशी मुद्रा के सन्दर्भ में घरेलू मुद्रा के मूल्य में गिरावट आ सकती है। इसके परिणामस्वरूप निर्यात/आयात में वृद्धि/कमी हो सकती है, क्योंकि घरेलू/विदेशी वस्तुएँ अपेक्षाकृत सस्ती/महंगी हो जाती हैं।**<br>**अतः, मुद्रा अवमूल्यन व मुद्रा मूल्यह्रास दोनों के निहितार्थ समान हैं। यद्यपि, मुद्रा अवमूल्यन सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के कारण होता है, मुद्रा मूल्यह्रास मांग और पूर्ति की बाज़ार शक्तियों के कारण होता है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** | **3** |
| | **अथवा** | |
| **(ख)** | चालू खाते के घाटे का अर्थ तथा इसके कम होने के पीछे के कारणों को रेखांकित कीजिए।<br>**उत्तर: चालू खाता घाटा (CAD) तब उत्पन्न होता है, जब वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात तथा एकपक्षीय हस्तांतरण से प्राप्तियाँ वस्तुओं और सेवाओं के आयात और एकपक्षीय हस्तांतरण के भुगतान से कम होती हैं।** | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | **चालू खाता घाटा तब कम हो सकता है, जब वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात और एकपक्षीय हस्तांतरण से प्राप्तियों में वृद्धि हो अथवा वस्तुओं और सेवाओं के आयात और एकपक्षीय हस्तांतरण के लिए भुगतान में कमी हो ।** | **2** |
| | | **3** |
| **12.** | दिए गए आंकड़ों के आधार पर, साधन लागत पर शुद्ध मूल्य वृद्धि ($NVA_{FC}$) के मूल्य का अनुमान लगाइए: | |

| *क्रम सं.* | *मदें* | *राशि (₹ करोड़ में)* |
|---|---|---|
| (i) | बिक्री | 2,500 |
| (ii) | कच्चे माल का क्रय | 700 |
| (iii) | स्टॉक में परिवर्तन | 100 |
| (iv) | सकल निवेश | 500 |
| (v) | शुद्ध अप्रत्यक्ष कर | 300 |
| (vi) | शुद्ध निवेश | 400 |

**उत्तर.**

**साधन लागत पर शुद्ध मूल्य वृद्धि ($NVA_{FC}$) = (i) + (iii) - (ii) –[(iv) – (vi)] – (v)** — **1 ½**

**= 2500 + 100 - 700 – [500 – 400] – 300** — **1**

**= ₹ 1500 करोड़** — **½**

**3**

**13. (क)** "जब प्रत्याशित समग्र माँग (AD) प्रत्याशित समग्र आपूर्ति (AS) से कम हो, तो परिणामस्वरूप अनपेक्षित मालसूची (Inventories) का संग्रह होता है।"

अपने उत्तर की पुष्टि के लिए वैध कारण देते हुए, दिए गए कथन का समर्थन अथवा खंडन कीजिए।

**उत्तर. दिए गए कथन का समर्थन किया जाता है।**

**जब प्रत्याशित समग्र मांग, प्रत्याशित समग्र पूर्ति से कम होती है, तो इसका अर्थ है कि गृहस्थ और फर्मों द्वारा प्रत्याशित क्रय, फर्मों की अपेक्षा से कम होता है। परिणामस्वरूप, उत्पादकों के पास मालसूची का एकत्रीकरण हो जाता है, जिससे मालसूची में अनपेक्षित वृद्धि हो जाएगी।** — **4**

**(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**

**अथवा**

**(ख)** किसी काल्पनिक अर्थव्यवस्था के लिए निम्नलिखित को मानिए :

(i) स्वायत्त उपभोग व्यय ($\bar{C}$) = ₹25 करोड़

(ii) सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) = 0.1

(iii) आय का स्तर (Y) = ₹ 2,000 करोड़

(iv) स्वायत्त निवेश (I) = ₹25 करोड़

क्या अर्थव्यवस्था संतुलित अवस्था में है? वैध गणनाओं द्वारा अपने उत्तर का औचित्य सिद्ध कीजिए।

**उत्तर. दिया गया है, स्वायत्त उपभोग व्यय ( $\bar{C}$) = ₹ 25 करोड़**

**सीमांत बचत प्रवृत्ति (**MPS**) = 0.1**

**आय का स्तर (Y) = ₹ 2,000 करोड़**

**स्वायत्त निवेश (I) = ₹ 25 करोड़**

**सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = 1 – MPS**

**⇨ 1-0.1 = 0.9**

**आय के संतुलन स्तर पर, Y= C + I** — **1**

**(C+I) में Y का मान प्रतिस्थापित करने पर**

**C + I = $\bar{C}$ + (MPC)Y + I** — **1**

**= 25 + 0.9 x 2,000 + 25** — **½**

**= ₹1,850 करोड़** — **½**

**₹ 2,000 करोड़ के आय स्तर पर Y> C + I है।** — **½**

**अतः, ₹2,000 करोड़ के आय स्तर पर अर्थव्यवस्था संतुलन में नहीं है ।** — **½**

***<u>वैकल्पिक उत्तर:</u>***

**आय के संतुलन स्तर पर, S= I** — **1**

| | | |
|---|---|---|
| | **S में Y का मान प्रतिस्थापित करने पर**<br>**S = -$\bar{C}$ + (MPS)Y**<br>**= -25 + 0.1 x 2000**<br>**= 175 करोड़**<br>**2,000 करोड़ के आय स्तर पर S > I.**<br>**अतः, 2,000 करोड़ के आय स्तर पर अर्थव्यवस्था संतुलन में नहीं है।** | **1**<br>½<br>½<br>½<br>½<br>**4** |
| **14.** | निम्नलिखित चित्र का अध्ययन कीजिए:<br><br><br>(i) संकेतित स्थिति की पहचान कीजिए।<br>(ii) इस स्थिति को सही करने के लिए ऐसे किन्हीं दो कदमों की व्याख्या कीजिए जो कि RBI के द्वारा उठाए जा सकते हैं।<br>**उत्तर.**<br>**(i) उपरोक्त चित्र मुद्रास्फीति की स्थिति को दर्शाता है।**<br>**(ii) इस स्थिति को सही करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा उठाए गए दो कदम निम्नलिखित हो सकते हैं:**<br>• **RBI द्वारा खुले बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री से वाणिज्यिक बैंकों के पास धन की उपलब्धता में कमी आती है, जिससे उनकी ऋण देने की क्षमता कम हो जाती है। परिणामस्वरूप, अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति कम हो सकती है। इससे समग्र मांग कम होती है, फलस्वरूप मुद्रास्फीति नियंत्रित की जा सकती है।**<br>• **RBI द्वारा बैंक दर में वृद्धि से वाणिज्यिक बैंकों द्वारा ऋण दरों में वृद्धि हो सकती है। इससे आम जनता के लिए ऋण लेना महंगा हो सकता है। अतः वे अधिक ऋण लेने से हतोत्साहित हो सकते हैं। परिणामस्वरूप, अर्थव्यवस्था में समग्र मांग में गिरावट आ सकती है, जिसके फलस्वरूप अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति नियंत्रित हो सकती है।**<br>**(कोई अन्य वैध बिंदु के लिए अंक दिए जाएँ)** | **1**<br>**1 ½**<br>**1 ½**<br>**4** |
| **15.** | "भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) सरकार के लिए वही कार्य करता है, जो कि वाणिज्यिक बैंक आम जनता के लिए करते हैं।"<br>भारत सरकार के लिए केन्द्रीय बैंक द्वारा किए गए ऐसे किन्हीं दो कार्यों की संक्षेप में चर्चा कीजिए।<br>**उत्तर. सरकार के बैंकर के रूप में, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) खाता रखता है, प्राप्तियाँ स्वीकार करता है, भुगतान करता है तथा विनिमय, धन प्रेषण और अन्य बैंकिंग परिचालन भी करता है।**<br>**वित्तीय संकट की स्थिति में, सरकार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए RBI सरकार को ऋण प्रेषित देता है। अतः, भारतीय रिज़र्व बैंक सरकार के लिए बैंकिंग कार्यों को उसी प्रकार सुगम बनाता है, जिस प्रकार वाणिज्यिक बैंक आम जनता के लिए ।**<br>**(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** | **4** |
| **16.**<br>**(क)** | अंतिम वस्तु व मध्यवर्ती वस्तु में अंतर स्पष्ट कीजिए।<br>**उत्तर. अंतिम वस्तुएँ वे वस्तुएँ होती हैं जिनका उपयोग उपभोग अथवा निवेश के उद्देश्य से किया जाता है। अंतिम वस्तुओं के मूल्य को राष्ट्रीय आय के आंकलन में सम्मिलित किया जाता है।**<br>**जबकि;**<br>**मध्यवर्ती वस्तुएँ वे वस्तुएँ होती हैं जिनका उपयोग या तो पुनर्विक्रय के लिए किया जाता है या उसी वर्ष आगे उत्पादन के लिए किया जाता है। मध्यवर्ती वस्तुओं के मूल्य को राष्ट्रीय आय के आंकलन में सम्मिलित नहीं किया जाता है।** | **1 + ½**<br>**1 + ½** |

| | | |
|---|---|---|
| **(ख)** | बाह्यताओं को नकारात्मक अथवा सकारात्मक रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है, परन्तु यह आवश्यक नहीं है कि सकल घरेलू उत्पाद से इनका सीधा संबंध हो।"<br>क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में वैध कारण दीजिए।<br>**उत्तर. हाँ, बाह्यताओं का सकल घरेलू उत्पाद (GDP) से प्रत्यक्ष संबंध आवश्यक नहीं है, क्योंकि बाह्य कारकों का कोई बाजार नहीं होता है जहाँ उन्हें खरीदा /बेचा जा सके। GDP, तृतीय पक्ष पर होने वाले ऐसे किसी भी नकारात्मक / सकारात्मक प्रभाव को ध्यान में नहीं रखता है क्योंकि उन्हें इनसे होने वाली हानि / लाभ के लिए दंडित / भुगतान नहीं किया जाता । अतः, यह अर्थव्यवस्था के वास्तविक कल्याण का अधिक / कम आकलन कर सकता है।**<br>**(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** | **3**<br>**6** |
| **17.**<br>**(क)**<br>**(i)** | केन्द्रीय बजट 2023-24 में सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम (MSME) मंत्रालय को ₹22,138 करोड़ के आवंटन का प्रस्ताव किया गया था।"<br>उस उद्देश्य की पहचान व व्याख्या कीजिए, जिसे सरकार प्रस्तावित व्यय के साथ प्राप्त करने का प्रयास कर रही है।<br>**उत्तर. उपरोक्त कथन में सरकारी बजट के 'आबंटन कार्य' उद्देश को इंगित किया गया है।**<br>**सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) मंत्रालय को 22,138 करोड़ रुपये के प्रस्तावित आवंटन से सरकार राष्ट्रीय उत्पादन और रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना तथा सामाजिक-आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास कर सकती है। भारत जैसे देश में, राष्ट्र के समग्र विकास के लिए ऐसे कदम फलदायी हैं।** | **1**<br>**3** |
| **(ii)** | राजकोषीय घाटे व राजस्व घाटे की गणना करने के लिए प्रयुक्त सूत्रों का उल्लेख कीजिए।<br>**उत्तर. राजकोषीय घाटा = कुल व्यय – ऋण ग्रहण को छोड़कर कुल प्राप्तियाँ**<br>**राजस्व घाटा = राजस्व व्यय – राजस्व प्राप्तियाँ** | **1**<br>**1** |
| | **अथवा** | **6** |
| **(ख)**<br>**(i)** | "कर राजस्व, राजस्व प्राप्तियों का एक महत्त्वपूर्ण घटक है तथा इसे दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है।"<br>मान लीजिए कि आप भारत सरकार के राजस्व विभाग के सदस्य हैं। करों की दो श्रेणियों को पहचानने एवं उनके बीच अंतर करने में अपने मित्र की सहायता कीजिए।<br>**उत्तर. करों की दो श्रेणियां हैं: प्रत्यक्ष कर व अप्रत्यक्ष कर।**<br>**प्रत्यक्ष कर वे कर हैं, जिनका प्रभाव और भार एक ही इकाई पर पड़ता है।**<br>**जबकि;**<br>**अप्रत्यक्ष कर वे कर हैं, जिनका प्रभाव और भार पृथक इकाइयों पर पड़ सकता है।** | **1**<br>**1**<br>**1** |
| **(ii)** | बजट के तीन प्रकार – घाटे का बजट, अधिशेष बजट व संतुलित बजट, हो सकते हैं।<br>क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में वैध कारण दीजिए।<br>**उत्तर. हाँ, बजट तीन प्रकार का हो सकता है: घाटे का बजट, अधिशेष बजट अथवा संतुलित बजट क्योंकि यह कुल बजट व्यय और प्राप्तियों पर निर्भर करता है।**<br>**संतुलन बजट: जब सरकार की कुल प्राप्तियाँ उसके कुल व्यय के बराबर होती हैं।**<br>**अधिशेष बजट: जब सरकार की कुल प्राप्तियाँ उसके कुल व्यय से अधिक होती हैं।**<br>**घाटे का बजट: जब सरकार की कुल प्राप्तियाँ उसके कुल व्यय से कम होती हैं।**<br>**(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** | **3**<br>**6** |
| | **खण्ड ख**<br>**(भारतीय आर्थिक विकास)** | |
| **18.** | चीन में लागू किए गए _____उपाय से जनसंख्या के साथ-साथ लिंगानुपात में भी गिरावट आई थी।<br>(रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए )<br>(A) पूँजीगत वस्तुओं के राष्ट्रीयकरण (Nationalisation)<br>(B) पूँजीगत वस्तुओं के विराष्ट्रीयकरण (Denationalisation)<br>(C) एकल-संतान नीति<br>(D) द्वि-संतान नीति<br>**उत्तर. (C) एकल-संतान नीति** | **1** |
| **19.** | _____को कृषि उत्पादन से विविधीकरण के वैकल्पिक स्रोत के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।<br>(रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।) | |

| | | |
|---|---|---|
| | (A) हरित क्रांति (B) बागवानी<br>(C) जैविक कृषि (D) परंपरागत कृषि<br>**उत्तर. (B) बागवानी** | **1** |
| **20.** | निम्नलिखित कथनों को पढ़िए - अभिकथन (A) और कारण (R)। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए:<br>*अभिकथन (A)* : मानव पूँजी का बाजार में व्यापार नहीं किया जा सकता, जबकि इसकी सेवाओं का व्यापार किया जा सकता है।<br>*कारण (R)* : मानय पूँजी अमूर्त प्रकृति की होती है।<br>विकल्प:<br>(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।<br>(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य है, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।<br>(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।<br>(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है।<br>**उत्तर. (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।** | **1** |
| **21.** | निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :<br>*कथन 1* : औपनिवेशिक सरकार द्वारा भारतीय कृषि का व्यवसायीकरण बलपूर्वक दमनकारी रूप में प्रारंभ किया गया था।<br>*कथन 2* : खाद्य फसलों के उत्पादन को लागू करने के पीछे अंग्रेजों के दोहरे उद्देश्य थे।<br>दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:<br>(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।<br>(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।<br>(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।<br>**उत्तर. (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।** | **1** |
| **22.** | भारत, चीन व पाकिस्तान में से _____भौगोलिक दृष्टि से सबसे बड़ा राष्ट्र है, तथा इन तीन राष्ट्रों में इसका घनत्व सबसे _____है। (रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) चीन, अधिक (B) पाकिस्तान, कम<br>(C) भारत, कम (D) चीन, कम<br>**उत्तर. (D) चीन, कम** | **1** |
| **23.** | निम्नलिखित में से सही कथन की पहचान कीजिए:<br>(A) स्वतंत्रता उपरांत, भारत ने समाजवादी अर्थव्यवस्था अपनाई थी।<br>(B) भारतीय आर्थिक नियोजन को पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से लागू किया गया था।<br>(C) भारत सरकार द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत भूमि सुधारों को लागू किया गया था।<br>(D) भारत में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में गिरावट के लिए औद्योगिक क्षेत्र में नीतिगत पहल जिम्मेदार थे।<br>**उत्तर. (B) भारतीय आर्थिक नियोजन को पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से लागू किया गया था।** | **1** |
| **24.** | उस वैकल्पिक विपणन चैनल की पहचान कीजिए जो मुख्यतः पंजाब, हरियाणा व राजस्थान में संचालित होते हैं। (सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) अपनी मंडी<br>(B) हड़पसार मंडी<br>(C) रायथू बाजार<br>(D) उझावर संधाई<br>**उत्तर. (A) अपनी मंडी** | **1** |
| **25.** | 1978 में चीन में प्रारंभ किए गए आर्थिक सुधारों के अंतर्गत, विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए _____ की स्थापना की गई थी। (रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) प्रेषण क्षेत्रों (B) भूमि क्षेत्रों<br>(C) विशेष कम्यून क्षेत्रों (D) विशेष आर्थिक क्षेत्रों<br>**उत्तर. (D) विशेष आर्थिक क्षेत्रों** | **1** |
| **26.** | 1965 में, माओ ने _____ का प्रारंभ किया, जिसके अंतर्गत छात्रों व पेशेवरों को ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने तथा सीखने के लिए भेजा गया था। (रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) | |

| | | |
|---|---|---|
| | (A) ग्रेट लीप फॉरवर्ड अभियान<br>(B) कम्यून प्रणाली<br>(C) महान सर्वहारा सांस्कृतिक क्रांति<br>(D) मध्यकालिक विकास योजना<br>**उत्तर. (C) महान सर्वहारा सांस्कृतिक क्रांति** | **1** |
| **27.** | अंग्रेजों ने भारत के आयात-निर्यात पर एकाधिकारी नियंत्रण बनाए रखा था, जबकि कुछ अन्य देशों जैसे कि ____ के साथ शेष की अनुमति थी। (रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(i) चीन<br>(ii) सिलोन (श्री लंका)<br>(iii) पर्शिया (ईरान)<br>विकल्प:<br>(A) केवल (i) (B) (i) और (ii)<br>(C) (ii) और (iii) (D) (i), (ii) और (iii)<br>**उत्तर. (D) (i), (ii) और (iii)** | **1** |
| **28.**<br>**(क)** | औपनिवेशिक शासन के अंतर्गत किन्हीं तीन जनसांख्यिकीय संकेतकों का उल्लेख कीजिए।<br>**उत्तर. औपनिवेशिक शासन के तहत तीन जनसांख्यिकीय संकेतक इस प्रकार थे:**<br>**• निम्न समग्र साक्षरता दर (16% से नीचे)**<br>**• निम्न जीवन प्रत्याशा (32 वर्ष)**<br>**• चिंताजनक शिशु मृत्यु दर (218/1000)**<br>**(कोई अन्य वैध बिंदु के लिए अंक दिए जाएँ)** | **1**<br>**1**<br>**1**<br>**3** |
| | **अथवा** | |
| **(ख)** | "हरित क्रांति ने भारत को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बना दिया है, परन्तु पारिस्थितिक (ecological) आधार पर इसकी आलोचना की गई है।"<br>क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में वैध कारण प्रस्तुत कीजिए।<br>**उत्तर. हाँ, भारत में हरित क्रांति ने कृषि उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि की थी। उच्च पैदावार वाले (HYV) बीजों, रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों आदि के उपयोग से खाद्यान्नों में आत्मनिर्भरता आई। इन रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के कारण मृदा क्षरण/ खाद्य उत्पादों और विभिन्न जल निकायों का संदूषण हुआ। इस प्रकार, यद्यपि हरित क्रांति ने भारत को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बना दिया, किन्तु पारिस्थितिक आधार पर इसकी आलोचना की गई।**<br>**(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** | **3** |
| **29.** | दिए गए चित्र में दर्शाई गई परिस्थिति की पहचान कीजिए तथा इस समस्या पर नियंत्रण पाने के लिए किसी एक प्रभावी रणनीति की व्याख्या कीजिए।<br><br><br>**उत्तर. दिए गए चित्र में दर्शाई गई स्थिति 'वैश्विक उष्णता' है।**<br>**वैश्विक उष्णता की समस्या को प्रभावी ढंग से दूर करने की रणनीतियों में से एक पवन ऊर्जा का उपयोग है। पवन ऊर्जा धारणीय नवीकरण ऊर्जा का एक लोकप्रिय स्रोत है। जिन क्षेत्रों में हवा की गति आमतौर पर अधिक होती है, वहां पवन चक्कियाँ पर्यावरण पर किसी भी प्रतिकूल प्रभाव के बिना बिजली प्रदान कर सकती हैं।**<br>**(कोई अन्य वैध रणनीति के लिए अंक दिए जाएँ)** | **1**<br>**2** |

| | | |
|---|---|---|
| | *नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **29** के स्थान पर है।*<br>वैश्विक उष्णता की समस्या पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण पाने के लिए किसी एक रणनीति की व्याख्या कीजिए।<br>**उत्तर. वैश्विक उष्णता की समस्या को प्रभावी ढंग से दूर करने की रणनीतियों में से एक पवन ऊर्जा शक्ति का उपयोग है। पवन ऊर्जा धारणीय नवीकरण ऊर्जा का एक लोकप्रिय स्रोत है। जिन क्षेत्रों में हवा की गति आमतौर पर अधिक होती है, वहां पवन चक्कियाँ पर्यावरण पर किसी भी प्रतिकूल प्रभाव के बिना बिजली प्रदान कर सकती हैं। (कोई अन्य वैध रणनीति के लिए अंक दिए जाएँ)** | **3**<br>**3** |
| **30.** | "भारत में शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर व्यय समान अनुपात में होता है।"<br>वैध कारण बताते हुए दिए गए कथन का समर्थन अथवा खंडन कीजिए।<br>**उत्तर. दिए गए कथन का खंडन किया जाता है। भारत में, कुल शिक्षा व्यय का एक बड़ा भाग प्रारंभिक शिक्षा पर होता है और उच्चतर/तृतीयक शिक्षा का भाग सबसे कम है। यद्यपि, सरकार तृतीयक शिक्षा पर कम खर्च करती है, परन्तु तृतीयक शिक्षा में 'प्रति छात्र व्यय' प्राथमिक शिक्षा की तुलना में अधिक है। इसके अतिरिक्त, शिक्षा उपकर से प्राप्त राजस्व को प्रारंभिक शिक्षा पर खर्च करने के लिए निर्धारित किया गया है। साथ ही सरकार ने उच्च शिक्षा संवर्धन तथा उच्च शिक्षार्थियों के लिए नई ऋण योजनाओं हेतु एक विशाल धन राशि की घोषणा भी की है। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** | **4** |
| **31.**<br>**(क)** | "एक सुदृढ़ कृषि विपणन प्रणाली किसी भी राष्ट्र की कृषि प्रणाली के लिए रीढ़ की हड्डी का काम करती है।"<br>इस दिशा में भारत सरकार द्वारा उठाए गए किन्हीं दो कदमों को सूचीबद्ध कर उपर्युक्त कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए।<br>**उत्तर. कृषि विपणन में सुधार के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए दो कदम हैं:**<br>**• व्यवस्थित और पारदर्शी विपणन स्थितियों को बनाने के लिए सरकार द्वारा बाजारों का विनियमन।**<br>**• सड़क, रेलवे, गोदाम आदि जैसी भौतिक आधारभूत संरचना सुविधाओं का प्रावधान।**<br>**(कोई अन्य वैध कदम के लिए अंक दिए जाएँ)**<br>**अथवा** | **2**<br>**2**<br>**4** |
| **(ख)** | विगत कुछ वर्षों में, भारत में परंपरागत कृषि से प्राकृतिक/जैविक कृषि की ओर स्थानांतरण देखा गया है।"<br>जैविक उत्पादों की ओर इस स्थानांतरण के पीछे के किन्हीं दो कारणों की संक्षिप्त चर्चा कीजिए।<br>**उत्तर. पारंपरिक खेती से जैविक खेती की ओर बदलाव के पीछे दो कारण हैं:**<br>**• जैविक रूप से उगाए गए भोजन में पारंपरिक खेती के माध्यम से उत्पादित भोजन की तुलना में अधिक पोषण मूल्य होता है।**<br>**• पारंपरिक खेती की तुलना में जैविक खेती कीटनाशक मुक्त और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ है।**<br>**(कोई अन्य वैध कारण के लिए अंक दिए जाएँ)** | **2**<br>**2**<br>**4** |
| **32.** | निम्नलिखित आंकड़ों के आधार पर, चीन व पाकिस्तान के लिए रोजगार व उत्पादन में परिवर्तन की रूपरेखा प्रस्तुत कर चर्चा कीजिए।<br>**रोजगार और GVA का क्षेत्रीय हिस्सा 2018-2019 में (%)** | |

| विभाग | GVA को योगदान | | | कार्यबल का वितरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | भारत | चीन | पाकिस्तान | भारत | चीन | पाकिस्तान |
| कृषि | 16 | 7 | 24 | 43 | 26 | 41 |
| उद्योग | 30 | 41 | 19 | 25 | 28 | 24 |
| सेवाएँ | 54 | 52 | 57 | 32 | 46 | 35 |
| **कुल** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** |

*स्रोत: मानव विकास रिपोर्ट 2019 : एशिया और प्रशांत 2019 के प्रमुख संकेतक ।*

**उत्तर. दिए गये आंकड़े रोजगार और GVA की क्षेत्रीय हिस्सेदारी से संबंधित है। स्थलाकृतिक और जलवायु परिस्थितियों के कारण, चीन में कृषि योग्य क्षेत्र, पाकिस्तान की तुलना में अपेक्षाकृत कम है। इसलिए, चीन के GVA में कृषि क्षेत्र का योगदान 7% है, जो 26% कार्यबल को रोजगार देता है, जबकि पाकिस्तान में यह 24% है, जो 41% कार्यबल को रोजगार देता है। चीन में तेजी से औद्योगिकीकरण के कारण, GVA में औद्योगिक क्षेत्र का योगदान 41% है जिसमें 28% कार्यबल सम्मिलित है, जबकि पाकिस्तान में ये आँकड़े क्रमशः 19% और 24% हैं।** — **4**

| | | |
|---|---|---|
| | **दोनों देशों के GVA में सेवा क्षेत्र का योगदान 57% और 52% है। पाकिस्तान और चीन में इस क्षेत्र में कार्यबल में भागीदारी क्रमशः 35% और 46% है।**<br>**(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** | |
| **33.**<br>**(क)**<br>**(i)** | "जैसे-जैसे कोई अर्थव्यवस्था विकसित होती है, वैसे-वैसे अर्थव्यवस्था में नियोजित व्यक्तियों की संख्या में भी वृद्धि होती है; फिर भी 1991 के बाद से भारत इसके अपवाद के रूप में उभर कर सामने आया है।"<br>क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के पक्ष में वैध तर्क प्रस्तुत कीजिए।<br>**उत्तर. हाँ, 1990 के दशक के अंत में आर्थिक सुधारों के उपरांत, भारतीय अर्थव्यवस्था ने सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की संवृद्धि दर में तेज़ी से वृद्धि का अनुभव किया। किन्तु, GDP में वृद्धि के बाद भी रोज़गार वृद्धि में गिरावट दर्ज की गई, अर्थात भारत ने 'रोजगारहीन संवृद्धि' की समस्या का अनुभव किया। भारतीय अर्थव्यवस्था रोज़गार सृजन के बिना ही अधिक वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करने में सक्षम थी।** | **4** |
| **(ii)** | उपयुक्त उदाहरण द्वारा प्रच्छन्न बेरोजगारी की परिभाषा दीजिए।<br>**उत्तर. प्रच्छन्न बेरोजगारी से तात्पर्य ऐसी स्थिति से है, जब व्यक्ति रोजगार में कार्यरत है किन्तु उत्पादन में योगदान नहीं दे रहा है, अर्थात उसकी सीमांत उत्पादकता शून्य है।**<br>**उदाहरण के लिए, मान लीजिए कि चार एकड़ जमीन और दो श्रमिकों के साथ एक किसान 100 क्विंटल गेहूं उत्पादित कर सकता है। तदोपरांत, यदि वह एक और श्रमिक को रोजगार देता है, तब भी कुल उत्पादन अपरिवर्तित रहता है। इसलिए, कुल उत्पादन में अतिरिक्त श्रमिक द्वारा किया गया योगदान शून्य है और उसे प्रच्छन्न रूप से बेरोजगार माना जा सकता है।** | **1**<br>**1** |
| | **अथवा** | **6** |
| **(ख)**<br>**(i)** | "नेहा एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी में पिछले पाँच वर्षों से नियमित रूप से कार्यरत है।"<br>उपर्युक्त कथन में दर्शाए गए रोजगार के प्रकार की पहचान कर संक्षेप में व्याख्या कीजिए।<br>**उत्तर. नेहा एक नियमित वेतनभोगी कर्मचारी है।**<br>**जब कोई कर्मचारी किसी व्यक्ति या उद्यम द्वारा नियोजित होता है और उसे नियमित आधार पर उसका वेतन दिया जाता है, तो उसे नियमित वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। इन कर्मचारियों को अपने नियोक्ता से नियमित पारिश्रमिक पाने के साथ-साथ अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभ पाने के का भी अधिकार होता है।** | **1**<br>**2** |
| **(ii)** | उस संकेतक का नाम बताइए, जिसका किसी राष्ट्र में रोजगार की स्थिति का विश्लेषण करने में सामान्यतः उपयोग किया जाता है। इसके महत्त्व की भी चर्चा कीजिए।<br>**उत्तर. श्रमिक-जनसंख्या अनुपात एक ऐसा संकेतक है जिसका उपयोग देश में रोजगार की स्थिति का विश्लेषण करने के लिए किया जाता है।**<br>**इस अनुपात का उपयोग किसी देश की वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन में सक्रिय रूप से योगदान देने वाली जनसंख्या की भागीदारी को जानने में किया जाता है। श्रमिक जनसंख्या अनुपात जितना अधिक होगा, आर्थिक गतिविधियों में लोगों की भागीदारी उतनी ही अधिक होगी तथा विलोम सत्य ।** | **1**<br>**2** |
| | | **6** |
| **34.** | निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए:<br>जुलाई 1991 के बजट के साथ राष्ट्र को एक बाह्य-उन्मुख बाजार-आधारित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर करने के पक्ष में एक स्पष्ट परिवर्तन आया था। बजट में प्रारंभ किए गए व्यापारिक उदारीकरण के कदम बहुत व्यापक थे, हालाँकि इनकी गति धीमी रही तथा उनमें कभी-कभी रुकावटें भी आती रहीं थी।<br><br>1991 के सुधारों ने कुछ मध्यवर्ती आयातों व पूँजीगत वस्तुओं को छोड़कर सभी वस्तुओं पर आयात लाइसेंस को समाप्त कर दिया था।<br><br>उपभोक्ता वस्तुएँ, जो कि आयात शुल्क संग्रह का 30% हैं, लाइसेंस के अंतर्गत रहती हैं। मात्र एक दशक उपरांत, विश्व व्यापार संगठन (WTO) में भारत के व्यापारिक साझेदारों द्वारा एक सफल चुनौती के पश्चात् इन वस्तुओं को भी लाइसेंस से मुक्त कर दिया गया था। | |

| | | |
|---|---|---|
| | वर्तमान में, पर्यावरण/स्वास्थ्य/सुरक्षा के आधार पर अस्वीकृत कुछ वस्तुओं को छोड़कर, सभी वस्तुओं को बिना लाइसेंस या अन्य प्रतिबंधों के आयात किया जा सकता है।<br><br>लाइसेंस हटाने के साथ, ये आयात शुल्क दरें आयात पर प्रभावी प्रतिबंध बन गई थीं। इसलिए, आर्थिक सुधारों का एक प्रमुख कार्य आयात शुल्क दरों को कम करना रहा है। आयात शुल्क में कटौती मुख्य रूप से गैर-कृषि, औद्योगिक वस्तुओं तक ही सीमित है।<br><br>इसलिए, उदारीकरण इन वस्तुओं पर कठोरता से लागू होता है। आयात शुल्क में कमी शुल्क दरों में क्रमिक गिरावट के माध्यम से प्राप्त की गई है। आयात शुल्क बैंड की संख्या में कमी के माध्यम से आयात शुल्क संरचना के एक साथ युक्तिकरण ने इस दिशा में सहायता की थी।<br><br>दिए गए गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: | |
| **(i)** | "1991 के बजट में प्रारंभ किए गए उदारीकरण सुधार अत्यंत व्यापक थे।"<br>1991 के व्यापारिक सुधारों में से किन्हीं दो व्यापार सुधारों की व्याख्या करते हुए दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए।<br>**उत्तर. स्थानीय उद्योगों की दक्षता को प्रोत्साहित करने तथा आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए 1991 के बजट में व्यापक व्यापार उदारीकरण सुधारों की शुरुआत की गई थी। 1991 में आरंभ किए गए दो व्यापार सुधार थे:**<br>**• परिमाणात्मक प्रतिबंधों की समाप्ति**<br>**• आयात के लिए लाइसेंस प्रक्रिया की समाप्ति ।**<br>**(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**<br>**(कोई अन्य वैध बिंदु को अंक दिए जाएँ)** | **4** |
| **(ii)** | ऐसे किन्हीं दो क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए जिनमें आयात शुल्क में कटौती की गई थी।<br>**उत्तर. दो क्षेत्र जिनमें आयात शुल्क में कटौती की गई:**<br>**• गैर-कृषि वस्तुएँ**<br>**• औद्योगिक वस्तुएँ**<br>**(कोई अन्य वैध बिंदु को अंक दिए जाएँ)** | **1**<br>**1** |
| | | **6** |

* * *

**Marking Scheme**
**Strictly Confidential**
**(For Internal and Restricted use only)**
**Senior School Certificate Examination (Supplementary), July 2024**

**ECONOMICS (SUBJECT CODE – 030)**

**(PAPER CODE – 58/S/2)**

**General Instructions: -**

| | |
|---|---|
| **1** | You are aware that evaluation is the most important process in the actual and correct assessment of the candidates. A small mistake in evaluation may lead to serious problems which may affect the future of the candidates, education system and teaching profession. To avoid mistakes, it is requested that before starting evaluation, you must read and understand the spot evaluation guidelines carefully. |
| **2** | **"Evaluation policy is a confidential policy as it is related to the confidentiality of the examinations conducted, Evaluation done and several other aspects. Its' leakage to public in any manner could lead to derailment of the examination system and affect the life and future of millions of candidates. Sharing this policy/document to anyone, publishing in any magazine and printing in News Paper/Website etc may invite action under various rules of the Board and IPC."** |
| **3** | Evaluation is to be done as per instructions provided in the Marking Scheme. It should not be done according to one's own interpretation or any other consideration. Marking Scheme should be strictly adhered to and religiously followed. **However, while evaluating, answers which are based on latest information or knowledge and/or are innovative, they may be assessed for their correctness otherwise and due marks be awarded to them. In Class XII, while evaluating competency-based questions, please try to understand given answer and even if reply is not from marking scheme but correct competency is enumerated by the candidate, due marks should be awarded.** |
| **4** | The Marking scheme carries only suggested value points for the answers. These are in the nature of Guidelines only and do not constitute the complete answer. The students can have their own expression and if the expression is correct, the due marks should be awarded accordingly. |
| **5** | The Head-Examiner must go through the first five answer books evaluated by each evaluator on the first day, to ensure that evaluation has been carried out as per the instructions given in the Marking Scheme. If there is any variation, the same should be zero after delibration and discussion. The remaining answer books meant for evaluation shall be given only after ensuring that there is no significant variation in the marking of individual evaluators. |
| **6** | Evaluators will mark( √ ) wherever answer is correct. For wrong answer CROSS 'X" be marked. Evaluators will not put right (✓)while evaluating which gives an impression that answer is correct and no marks are awarded. **This is most common mistake which evaluators are committing.** |
| **7** | If a question has parts, please award marks on the right-hand side for each part. Marks awarded for different parts of the question should then be totaled up and written in the left-hand margin and encircled. This may be followed strictly. |

| | |
|---|---|
| **8** | If a question does not have any parts, marks must be awarded in the left-hand margin and encircled. This may also be followed strictly. |
| **9** | If a student has attempted an extra question, answer of the question deserving more marks should be retained and the other answer scored out with a note **"Extra Question"**. |
| **10** | No marks to be deducted for the cumulative effect of an error. It should be penalized only once. |
| **11** | A full scale of marks 80 has to be used. Please do not hesitate to award full marks if the answer deserves it. |
| **12** | Every examiner has to necessarily do evaluation work for full working hours i.e., 8 hours every day and evaluate 20 answer books per day in main subjects and 25 answer books per day in other subjects (Details are given in Spot Guidelines). |
